हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 11 जुलाई 2024
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

14 उल्लास नवभारत कार्यक्रम का उद्देश्य ...



14 दैवेभो कर्मचारियों ने नियमितीकरण ...



B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# 19 शिक्षकविहीन शालाओं के लिए शिक्षकों की पदस्थापना, आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के 19 शिक्षकविहीन शालाओं के लिए सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याताओं को शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला व हाईस्कूल में अध्यापन के लिए आदेश जारी किया गया है। इधर, जिले के 286 स्कूल ऐसे हैं जो एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं।

बता दें कि तमाम अव्यवस्था के बीच हर साल नया शिक्षण सत्र प्रारंभ होता है साथ ही स्कूलों में शिक्षकों की कमी, स्कूलों में व्याप्त अव्यवस्था और जर्जर भवनों को लेकर मांग और शिकायतें भी सामने आने लगती है जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। बावजूद भी शिक्षा विभाग स्कूल खुलने से पूर्व पूरी तैयारी नहीं कर पाता। इस साल नया शिक्षण सत्र 26 जून से शुरू हुआ और पखवाड़ेभर में ही स्कूल में शिक्षकों की मांग को लेकर 4 जुलाई को शासकीय प्राथमिक शाला तेंदूवाही में तालाबंदी कर दी गई यहां कुल 60 विद्यार्थियों को पढ़ाने मात्र एक ही शिक्षक पदस्थ थे।

सहायक शिक्षा अधिकारी ने जब एक शिक्षक को कार्यभार ग्रहण करने आदेश जारी किया तब ताला खोला गया। इधर, 9 जुलाई को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल ठाकुरदिया खुर्द पिथौरा के सरपंच ने शिक्षक की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि यहां हायर सेकेंडरी स्कूल में 116 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं और स्कूल में अंग्रेजी, भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान, राजनीति, इतिहास, वाणिज्य विज्ञान आदि के पद रिक्त हैं। मालूम हो कि जिले में कुल 1278 प्राथमिक और 493 मिडिल स्कूल है। जिनमें 286 ऐसे स्कूल हैं जो केवल एक शिक्षक के भरोसे है। इन स्कूलों में 281 प्राथमिक और 5 मिडिल स्कूल शामिल है। लेकिन अब तक इन स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई है।

## जिले के 286 स्कूल एक शिक्षकीय, स्कूलों में अव्यवस्था और भवन जर्जर

### 19 शिक्षकविहीन शालाओं में व्यवस्था

जानकारी के अनुसार जिले के 19 शिक्षिकविहीन शालाओं में 22 शिक्षकों को अध्यापन के लिए आदेश जारी किया गया है। जिनमें सबसे अधिक बसना विकासखंड के 8 स्कूलों के लिए 14, सरायपाली के 6 स्कूलों के लिए 8, पिथौरा के 2 स्कूल के लिए 2, बागबाहरा के 2 स्कूल के लिए 3 और महासमुंद ब्लॉक के 1 स्कूल के लिए एक शिक्षक को भेजा गया है।



पिथौरा ब्लाक के ग्राम ठाकुरदिया के संरपच व अन्य ग्रामीण हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक की लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे।

### स्कूलों में जल्द की जाएगी शिक्षकों की व्यवस्था

जिला शिक्षा अधिकारी मोहन सावंत ने बताया कि पहले चरण में जिले के 19 शिक्षकविहीन स्कूलों के लिए आदेश जारी हुआ है। जल्द ही कलेक्टर साहब के अनुमोदन से जिले में एक शिक्षक के भरोसे चल रहे स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था कर ली जाएगी। सूची तैयार है।

## खबर संक्षेप

### जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** ग्राम नवागांव कला में एक युवक के साथ मारपीट के मामले तेंदूकोना थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि नवागांव कला के नंद कुमार यादव पिता हेमसिंग यादव (30) के साथ गांव के ही भुनेश्वर यादव (45) ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### दुकानदार से मारपीट

**महासमुंद।** उधार में सामान देने से मना करने पर किराना दुकानदार के साथ एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। बागबाहरा थाना अंतर्गत ग्राम सोहागपुर में हुई इस घटना को लेकर प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि ग्राम सोहागपुर नवागांव का निवासी आरोपी संतोष चंद्राकर पिता नोखेलाल नशे की हालत में नील सिंग दीवान पिता संतराम दीवान (36) के किराना दुकान उधार में सामान लेने पहुंचा था, जब दुकान संचालक ने सामान देने से मना किया तो आरोपी गालियां देने लगा और कुल्हाड़ी से वार करने का प्रयास किया, जिसमें दुकानदार बच गया, लेकिन आरोपी के कलाई में पहने चूड़े से बांये आंख में चोट आई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## विडंबना: मुख्य चौराहों पर सिग्नल का पालन नहीं कर रहे लोग

# सख्ती के अभाव में लगातार टूट रहे नियम, हो रही अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के चौक चौराहों में ट्रैफिक सिग्नल लगे होने के बावजूद लगातार राहगीरों द्वारा नियमों की अनदेखी की जा रही। चौराहों में चालानी कार्रवाई में सख्ती का अभाव और कई स्थानों पर तैनाती होने के बावजूद लोग लापरवाही पूर्वक नियम तोड़ते नजर आते हैं। शहर के तीन स्थानों में सिग्नल लगे हुए हैं लेकिन, सर्वाधिक दुर्घटनाएं नेहरू चौक में हुई हैं और लगातार हो है। मंगलवार सुबह भी यही हाल रहा लोग बिना सिग्नल देखे अपने गंतव्य की ओर निकलते देखे गए। ऐसा करने के दौरान लोगों में आपस में कई बार झड़प की स्थिति भी बन जाती है।

नगर के मुख्य मार्ग से गुजरने वाली भारी वाहनों के चलते और स्कूलों के लगने और छुट्टी के समय में मुख्य मार्ग सहित तीनों प्रमुख चौराहों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस दौरान ट्रैफिक जवानों की मौजूदगी में भी लोग मनमानी पूर्वक वाहन चालन करते देखे जा सकते हैं। लेकिन, जवानों की मौजूदगी के साथ उनके पास चालानी कार्रवाई का अधिकार नही होने के कारण चौक चौराहों में ट्रैफिक जवानों की भी उपेक्षा कर दी जा रही है। चालानी कार्रवाई के अभाव में लोगों के हौसले बुलंदी पर हैं और नियमों को दरकिनार किया जा रहा है।



### बेलगाम वाहनों के बिगड़ी व्यवस्था

नगर के मुख्य मार्गों पर सरिया एवं बिल्डिंग मटेरियल से भरी हुई ट्रैक्टर-ट्रालियां तेज रफ्तार से सड़कों पर सिग्नल तोड़कर भी सरपट दौड़ लगाते हुए आसानी से देखा जा सकता है। इसके बीच शहर के मुख्य विद्यालय के छात्रों की भीड़ लगातार मुख्य मार्ग और इन चौराहों से गुजरती है। जिससे हादसा होने की आशंका बनी रहती है।

### मवेशी एक बार फिर बन रहे परेशानी की वजह

शहर की सड़कों पर मवेशियों के जमावड़े के कारण यातायात व्यवस्था बदहाल हो रही है। सड़क गोठानों में तब्दील हो गए हैं। दिनभर मवेशी सड़क के आसपास ही नजर आते हैं, शाम होते-होते सड़क के बीचों-बीच बैठ जाते हैं। इसके कारण राहगीरों को काफी परेशानियां होती है। ऐसे में किसी भी दिन बड़ा हादसों हो सकता है। शहर में सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों की धरपकड़ की जा रही है, बावजूद सड़कों पर रोजाना मवेशियों की संख्या की बढ़ती जा रही है। शहर के मुख्य मार्ग एनएच-353 में भी मवेशियों का झुंड नजर आता है।

# बिना अनुमति रेत परिवहन कर रहे ट्रक चालकों पर हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रेत के अवैध परिवहन के मामले में

- रेत के अवैध परिवहन मामले की खनिज अधिकारी ने लिखाई रिपोर्ट

खनिज अधिकारी ने जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ महासमुंद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिटी कोतवाली में इस मामले में 10 से ज्यादा आरोपियों के खिलाफ धारा 379, 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि 24 जून को ग्राम बरबसपुर महासमुंद में अवैध रेत परिवहन की शिकायत पर खनिज विभाग के दल द्वारा जांच निरीक्षण किया गया। विभाग की जांच में अवैध रेत परिवहन करते रेत की चोरी करना पाया गया, इसके बाद वाहनों को जब्त कर थाना महासमुंद की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। खनि अधिकारी महासमुंद की रिपोर्ट पर मामले में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है।

**इनके खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर:** रामप्रसाद गबेल पिता जुडावन गबेल निवासी बिजातराई तहसील मुंगेली जिला मुंगेली (छग), धर्मेंद्र कुमार पिता झुन्नू राम केवट निवासी केंदावाबानी जिला मुंगेली (छग) हाईवा/ सीजी 28 जे 1888, 25 घमी. 4825.00, 6250.00 राकेश कुर्मी पिता दुगेश्वर कुर्मी (26 साल) निवासी पंडोतरा तहसील व जिला मुंगेली (छग) अज्ञात हाईवा/ सीजी 28 पी 1898, 25 घमी. 4825.00, 6250.00, अरूण गुप्ता पिता स्व. जुगलकिशोर गुप्ता निवासी मेन रोड इंदिरा चौक आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर (छग) अज्ञात हाईवा / सीजी 04 एलयू 5562, 25 घमी. 4825.00, 6250.00, तोषक चंद्राकर पिता द्वारिका चंद्राकर (32 साल) निवासी मोखला आरंग थाना व तहसील आरंग जिला रायपुर (छग) अज्ञात हाईवा/ सीजी 06 जीडी 4120, 20 घमी. 3860.00, 5000.00, खुबीराम डहरिया निवासी चिंगरिया तहसील व जिला रायपुर (छग) अज्ञात हाईवा/ सीजी 04 पीपी 4052, 25 घमी. 4825.00, 6250.00,ओंकार साहू पिता गौकरण साहू (25 साल) निवासी प्लानसरी तहसील व जिला कवर्धा (छग) अज्ञात हाईवा/ सीजी 09 जेक्यू 5664, 25 घमी. 4825.00, 6250.00, कृष्णा चंद्राकर पिता सीताराम चंद्राकर (62 साल) निवासी पंडरिया तहसील पंडरिया जिला कबीरधाम (छग), प्रमोद कुमार साहू पिता बाबूजी साहू निवासी राम्हेपुर तहसील पंडरिया जिला कबीरधाम (छग) हाईवा/ सीजी 09 जेएम 6780, 25 घमी. 4825.00, 6250.00, अजय गुप्ता पिता स्व. जुगलकिशोर गुप्ता (52 साल) निवासी मकान नं0 423/10 अजय आटो पार्ट्स मेन रोड ढिल्लन ढाबा के पास पारागांव तहसील आरंग जिला रायपुर (छग) अज्ञात हाईवा/सीजी 04 एमएक्स 9692, 25 घमी. 4825.00, 6250.00, अज्ञात हाईवा/ सीजी 04 पीसी 3954 25 घमी. 4825.00, 6250.00, सुरेन्द्र कुमार पिता जोगीराम चंद्राकर निवासी रायपुर थान कुण्डा तहसील पंडरिया जिला कबीरधाम (छग) अज्ञात हाईवा/ सीजी 09 जेएन 8333, 25 घमी. 4825.00, 6250.00, बलदाऊ साहू पिता गिरधारी साहू (29 साल) निवासी ढारा, तहसील व जिला बेमेतरा (छग) अज्ञात हाईवा/ सीजी 25 एन 2896, 25 घमी. 4825.00, 6250.00, गौतम वर्मा निवासी कसडोल तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार ▶▶| शेष पेज 13 पर

# ऑनलाइन जमा कर सकेंगे जमीन रजिस्ट्री का पंजीयन शुल्क, विभाग कर रहा तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जमीन रजिस्ट्री का पंजीयन शुल्क का भुगतान नगद के बजाय ऑनलाइन करना होगा। लोग यूपीआई, क्यूआर कोड, इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर सकेंगे। रजिस्ट्री विभाग द्वारा लोगों को नई सुविधा प्रदान की गई है। खरीददारों को अपनी प्रॉपर्टी के मूल्य का एक हिस्सा स्टांप शुल्क और पंजीकरण शुल्क के रूप में देना पड़ता है। जिससे सरकारी रिकार्ड में उनके नाम पंजीकृत हो सके। शासन द्वारा खरीदारों को सुविधा देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

बता दें कि कुछ वर्ष पहले एनजीडीआरएस लागू किया गया था। अब ऑनलाइन शुल्क भुगतान की भी सुविधा दी गई है। वहीं ऐसे भी कई लोग हैं, जो मोबाइल से पेमेंट करने में असमर्थ रहते हैं और ऑनलाइन भुगतान नहीं कर सकते हैं, उनके लिए पूर्व की तरह की कैश से भुगतान की सुविधा अभी जारी रहेगी। धीरे-धीरे व्यवस्था ऑनलाइन की जाएगी। ऑनलाइन भुगतान करने पर लोगों के मोबाइल पर मैसेज भी आएगा। ऑनलाइन व भुगतान होने से पारदर्शिता भी आएगी। खाते से विभाग के खाते में पैसा जमा हुआ है, इसका विवरण भी लोगों के पास रहेगा।

### 58 करोड़ राजस्व प्राप्ति का टारगेट

जिले में तीन माह में कुल 14 करोड़ रुपए राजस्व प्राप्ति हो चुकी है। विभाग ने लक्ष्य का 25 प्रतिशत राजस्व प्राप्त कर लिया है। पिछले वर्ष रजिस्ट्री कम हुई थी। विभाग के अधिकारियों को इस वर्ष लक्ष्य प्राप्त हो जाने की उम्मीद है। जिले में सबसे ज्यादा रजिस्ट्री महासमुंद विकासखंड में होती है। इसके बाद सरायपाली विकास खंड से राजस्व प्राप्ति होती है।

### बीते साल कम हुई थी राजस्व प्राप्ति

बीते वर्ष पंजीयक कार्यालय को 52 करोड़ का लक्ष्य मिला था। चुनाव व आचार संहिता के कारण 43 करोड़ की ही राजस्व की प्राप्ति हो पाई थी। 2022-23 में 38 करोड़ का राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य मिला था, जिसे विभाग ने हासिल कर लिया था। कोरोना काल में भी लक्ष्य से ज्यादा रजिस्ट्री हुई थी। मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष लक्ष्य बढ़ा दिया गया है।

## नहीं बनाया जा रहा आधार कार्ड...




**महासमुंद।** बसना अंचल के ग्रामीणों का च्वाइस सेंटर में ऑफलाइन जन्मप्रमाण पत्र के आधार पर आधार कार्ड नहीं बनाया जा रहा है। इसके लिए ऑफलाइन जन्मप्रमाण पत्र पेश करने कहा जा रहा है जिससे ग्रामीण परेशान हैं। ग्राम कायतपाली के गोविंद सिदार ने बताया कि वे अपने 5 साल के बच्चे को लेकर जब गढ़फुलझर स्थित आधार सेंटर गए तो उन्हें लौटा दिया गया। ग्राम गनेकेरा, कोलिहादेवरी में भी ऑफलाइन जन्मप्रमाण पत्र देने पर ही आधार कार्ड बनाया जा रहा है। इससे ग्रामीण निराश होकर लौट रहे हैं। हालांकि आधार सेंटर के संचालक दीपक जगत ने बताया कि यह नियम ऊपर से ही है। ऑफलाइन प्रमाण पत्र देने पर ही आधार कार्ड बनाया जा सकता है।

# सिंघी में किसान के घर से 95 हजार की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मूंगफली बोने घर के पीछे भर्री गए किसान दंपत्ति के घर से सोने-चांदी और नगद रकम की चोरी हो गई। मामला खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघी का है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद जांच-विवेचना शुरू कर दी है। खल्लारी पुलिस ने बताया कि ग्राम सिंघी के पेशे से राजमिस्त्री और किसान टम्मनलाल निषाद पिता कुलश निषाद के घर से सोने चांदी के जेवरात समेत नगद रकम की चोरी हो गई। 8 जुलाई की दोपहर प्रार्थी और उसकी पत्नी मोतीन निषाद घर में ताला लगाकर घर के पीछे भर्री में मूंगफली को बुआई करने चले गए। पुलिस ने बताया कि शाम को करीबन 5 बजे पीलादाउ निषाद ने आकर किसान को बताया कि घर का दरवाजा खुला हुआ है। किसान दंपत्ति ने घर वापस लौटकर देखा कि सामने दरवाजा का ताला और कमरे में रखी आलमारी का दरवाजा टूटा हुआ था। आलमारी के भीतर रखे लाकर में रखे 10000 रुपए नगद, सोने का गुलबंद, सोने का मंगलसूत्र, सोने का लॉकेट एवं चांदी का लक्ष्मी करधन, एक जोड़ी चांदी का पैर पट्टी कुल कीमत 95000 रुपए की चोरी हो गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर खल्लारी पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** बीटीआई रोड स्थित चाय दुकान के पास एक युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी मयंक शर्मा पिता रितेश शर्मा (19 साल) बीटीआई रोड में स्थित चाय दुकान के पास खड़ा था। इसी दौरान उसके साथ कुनाल सिंह ठाकुर के साथ उसके दो अन्य साथियों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## पखवाड़ेभर में सब्जियों के दामों में दोगुनी बढ़ोत्तरी

# सब्जियां 40 से 80 रुपए किलो, कुछ तो 100 के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सब्जियों की 70 फीसदी आवक बाहर से होने के कारण पिछले 15 दिनों से सब्जियों के लगभग दोगुने हो गए हैं। आने वाले दिनों में यदि अच्छी बारिश नही हुई तो दामों में और बढ़ोत्तरी के आसार हैं। सब्जियों के बढ़ते दामों ने आम आदमी का बजट बिगाड़ दिया है।

बता दें कि भीषण गर्मी के बाद मानसून की बौछार ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी है। वहीं बारिश का असर सब्जियों के दामों पर भी दिखाई दे रहा है। स्थानीय सब्जी बाजार में अधिकांश सब्जी 40 से 80 रुपए प्रति किलो तक बिक रही है। 15 दिनों पहले 30 रुपए किलो में बिक रहा टमाटर आज 50-60 रुपए किलो बिक रहा है। मुनगा, अदरक, मिर्ची, ढेंस, धनिया तो 100 रुपए के पार है। सब्जी व्यवसायी संघ के अध्यक्ष संतोष चंद्राकर ने बताया कि इन दिनों सब्जी बाजार में हर रोज 40 टन तक सब्जियों की आवक है जिसमें 70 फीसदी बाहरी और मात्र 30 फीसदी स्थानीय आवक है। स्थानीय आवक में केवल भाजी, बैगन, ढेंस और भिंडी ही है, बाकी सब बाहरी आवक है। जिससे सब्जियों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं।



### सितंबर तक राहत नहीं

संतोष चंद्राकर ने बताया कि 90 प्रतिशत बाहरी सब्जियों की आवक से वर्तमान में जिन दामों में बिक रही सब्जियों की कीमत दो गुनी हो जाएगी। यह स्थिति सितंबर माह तक रहने के आसार हैं। जब अक्टूबर माह से फार्म हाउस से सब्जियों की आवक शुरु होगी उसके बाद ही दामों में कमी आनी शुरू हो पाएगी।

### कॉलेज जाने निकला युवक लापता

**महासमुंद।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बेमचा से कॉलेज जाने की बात कहकर घर से निकला युवक 9 दिन बाद भी घर नहीं पहुंचा। मामले को लेकर परिजनों ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। युवक के पिता सुरेंद्र चंद्राकर ने बताया कि हेमंत चंद्राकर (21) महासमुंद के वल्लभाचार्य कॉलेज में 1 जुलाई को पीजी डीसीए में एडमिशन होने की बात कहकर सुबह 10 बजे घर से निकला था। 9 दिन बाद भी युवक का पता नहीं चल पाया है। युवक अपने पिता और मां के एटीएम कार्ड को लेकर चला गया है। दोनों के बैंक खाते से करीब 4 लाख रुपए गायब है। आशंका जताई जा रही है कि बैंक खाते से रुपए निकालने के बाद परिजनों की डांट के डर से युवक घर से गायब हो गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक की खोजबीन की जा रही है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### मौसमी बीमारी से निपटने सरकारी व निजी अस्पताल भी रहेंगे हाई अलर्ट पर

**रायपुर।** मौसमी बीमारी से निपटने के लिए सरकारी अस्पतालों के साथ निजी अस्पतालों को भी हाई अलर्ट पर रखने की हिदायत दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अफसरों को निर्देशित किया है कि अस्पतालों में दवा सहित अन्य संसाधनों की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। राज्य में मौसमी बीमारियों की रोकथाम और उचित इलाज के संबंध में स्वास्थ्य मंत्री ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सभी सरकारी और निजी अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत और प्रभावी कदम उठाए जा सकें। आपात स्थितियों में बेहतर और त्वरित उपचार प्रदान करने के लिए अस्पतालों में सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं, साथ ही कहा है कि मरीजों को किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। श्री जायसवाल ने सभी अस्पतालों में साफ-सफाई और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं, ताकि संक्रमण फैलने की संभावना को कम किया जा सके। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए विभिन्न उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई एवं अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

### कल्चुरी के निधन पर मोदी ने जताया शोक

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधानसभाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जीजा रायपुर निवासी महेंद्र कल्चुरी के निधन पर शोक जताया है। डॉ. रमन को भेजे गए शोक संदेश में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है कि आपके जीजा महेंद्र कल्चुरी जी के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। इस कठिन घड़ी में मेरी संवेदनाएं बहन इला कल्चुरी जी समेत पूरे परिवार के साथ हैं। महेंद्र कल्चुरी जी परिवार के लिए एक सशक्त आधार और प्रेरणास्रोत थे, उनके निधन से परिवारजनों के जीवन में आई रिक्तता की पीड़ा को शब्दों में व्यक्त कर पाना कठिन है। अज वह सशरीर आप लोगों के साथ नहीं हैं, पर उनकी स्मृतियां और जीवन मूल्य धरोहर के रूप में सदैव साथ रहेंगी।

### चंद्राकर को मंत्री बनाने की उठी मांग

**रायपुर।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक अजय चंद्राकर को मंत्री बनाए जाने की मांग संबंधी प्रस्ताव पारित किया है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा ने बताया कि महासभा द्वारा श्री चंद्राकर को मंत्री बनाए जाने की मांग संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया है। साथ ही प्रदेश कद्दावर भाजपा नेता एवं विधायक अजय चंद्राकर को मंत्री बनाने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की गई है। श्री वर्मा ने कहा कि अजय चंद्राकर भाजपा के वरिष्ठ नेता है और प्रदेश के तेजतर्रार नेताओं में से एक हैं।

### पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में संभागीय खेलकूद स्पर्धा शुरू

**रायपुर।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय रायपुर नंबर-1 में मंगलवार से 53वें संभागीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। यह प्रतिस्पर्धा 9 से 11 जुलाई तक लगातार चलेगी। इस प्रतियोगिता में रोप स्किपिंग, टेबल टेनिस बालक बालिका आयुवर्ग 14, 17, 19 और योगासन में केवल बालक आयुवर्ग 14, 17, 19 की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के 20 केंद्रीय विद्यालयों से इन विधाओं के बालक और बालिका में अलग-अलग आयुवर्ग के लगभग 171 बच्चे अपने 30 अनुरक्षक शिक्षकों के साथ आए हुए हैं। इस खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि दक्षिण मध्य रेलवे रायपुर संभाग के महाप्रबंधक संजीव कुमार एवं विशेष अतिथि के साथ आयोजन पर्यवेक्षक स्कूल प्राचार्य बीएस अहिरे उपस्थित रहे।

# आयुष्मान का आकर्षण... 553 अस्पताल पंजीकृत, 150 से ज्यादा अनुमति के इंतजार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निजी अस्पतालों में आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के प्रति जबरदस्त आकर्षण है। सभी सरकारी अस्पतालों के साथ राज्य के 553 निजी अस्पताल इस योजना के तहत मरीजों का इलाज करने के लिए पंजीकृत हैं और डेढ़ सौ से ज्यादा इंपैनल्ड सूची में शामिल होने का इंतजार कर रहे हैं। नए अस्पतालों को योजना में पंजीकृत करने के लिए जिला स्तर पर निर्धारित मापदंडों को पूरा कराया जा रहा है।

राज्य में आयुष्मान योजना के तहत राशनकार्ड के आधार पर लोगों को पचास हजार से पांच लाख तक निशुल्क उपचार की सुविधा पंजीकृत अस्पतालों के माध्यम से प्रदान की जाती है। योजना के तहत डेढ़ हजार बीमारियों के उपचार की सुविधा है और प्रदेश में राशनकार्ड के आधार पर इसके 2.70 करोड़ हितग्राही हैं।

सूत्रों का कहना है कि महंगे उपचार के इस दौर में आयुष्मान मरीजों के लिए काफी मददगार साबित होता है, इसलिए पंजीकृत अस्पतालों के 80 से 90 प्रतिशत मरीज इस योजना से संबंधित होते हैं। भुगतान की राशि लंबित होने की शिकायतों के बाद भी ज्यादातर निजी अस्पताल इस योजना के तहत मरीजों का उपचार करने के इच्छुक हैं। वर्तमान में राज्य के डेढ़ सौ से अधिक निजी अस्पताल इस योजना के तहत मरीजों का उपचार करने के लिए स्वास्थ्य विभाग से अनुमति मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

## डेढ़ हजार बीमारियों का इलाज, 2.70 करोड़ आयुष्मान के हितग्राही

### कई के खिलाफ हो चुकी कार्रवाई

वर्तमान सूची में जो निजी अस्पताल शामिल हैं, उनके खिलाफ योजना में पंजीकृत मरीजों से अतिरिक्त पैसे लेने और पैकेज में गड़बड़ी साबित हो चुकी है। इन दागदार अस्पतालों के खिलाफ स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा जुर्माना के साथ योजना से निलंबन की कार्रवाई भी हो चुकी है। ऐसे अस्पतालों की संख्या दर्जनभर से अधिक है।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत
PM-JAY

### एक्सटेंशन आधार पर चल रहा काम

सूत्रों के अनुसार इस योजना के तहत अस्पतालों में योजना के मरीजों के उपचार की निगरानी का काम आउटसोर्सिंग के माध्यम से किया जाता है। दोनों एजेंसियों का कार्यकाल काफी समय पहले पूरा हो चुका है और दो बार एक्सटेंशन के आधार पर काम पूरा किया जा रहा है। संबंधित एजेंसियों को इसके लिए डाक्टर उपलब्ध कराना होता है।

### 4.73 लाख मरीज का उपचार

सूत्रों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 15 लाख 65 हजार मरीजों का उपचार किया गया था। इसमें 4.73 लाख मरीजों का इलाज राज्य के पंजीकृत अस्पतालों में किया गया था। सरकारी अस्पतालों में 10.92 लाख हितग्राहियों को बीमारी के उपचार का लाभ मिला था।

## उद्योग मंत्री देवांगन ने दिया था ये प्रस्ताव, 1687 वेंडरों का आरसी होगा निरस्त

# भूपेश सरकार का एक और फैसला बदला, सरकारी खरीदी अब जेम से, भ्रष्टाचार पर लगेगा अंकुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के एक और फैसले को पलटा गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने सरकारी खरीदी के लिए केंद्र सरकार के जेम पोर्टल को दरकिनार करते हुए रेंट कांट्रेक्ट के माध्यम से खरीदी का तरीका निकाला था। साय कैबिनेट ने इसमें बदलाव करते हुए फिर से जेम के माध्यम से खरीदी की व्यवस्था का निर्णय लिया है। खास बात ये है कि सरकार के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने इस संबंध में प्रस्ताव रखा था, जिसे कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है।

### 900 करोड़ से ऊपर की होती है खरीदी

बताया गया है कि राज्य में हर साल सरकारी खरीदी 900 करोड़ रुपए से अधिक की होती है। पूर्व में यह खरीदी केंद्र सरकार के जेम पोर्टल के माध्यम से होती थी, लेकिन कांग्रेस सरकार बनने के बाद जेम से खरीदी पर रोक लगा दी गई थी। माना जा रहा है कि सरकार के इस फैसले के बाद खरीदी में भ्रष्टाचार खत्म हो सकेगा। छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय नियम 2002 के (यथा संशोधित 2022) में संशोधन प्रारूप का अनुमोदन किया गया। राज्य शासन के समस्त विभाग आदि आवश्यकतानुसार सामग्री, वस्तुओं एवं सेवाओं जिनकी दरें एवं विशिष्टियां भारत सरकार के डीजीएसएण्डडी की जेम वेबसाइट में उपलब्ध हो का क्रय जेम वेबसाईट से उनकी नियमावली निर्धारित प्रक्रिया पालन करते हुए क्रय करेंगे। अतिरिक्त आवश्यकता होने पर सामग्री, वस्तु एवं सेवाओं के क्रय के लिए वित्त विभाग की सहमति आवश्यक होगी। छत्तीसगढ़ शासन में लगभग 114 आवश्यक सामग्रियों की आरसी जारी होती थी, जिसमें 1687 वेंडर्स का आर सी निरस्त होगा, इस निर्णय के साथ 900 करोड़ से ऊपर की खरीदी अब सीधे जेम से होगी।



### बिचौलिया सिस्टम होगा खत्म

मोदी सरकार द्वारा शासकीय खरीदी हेतु जेम पोर्टल लांच किया गया था, जिसे रमन सरकार ने अपनाया था, इससे निर्बाध रूप से राष्ट्रीय दर पर सामग्रियों की खरीदी हो जाया करती थी, पर पिछली कांग्रेस सरकार ने इसे फिर से लागू कर दिया था,जिससे राष्ट्रीय स्तर के प्रतिस्पर्धी दर का नुकसान हो रहा था, इसे शुद्ध करने के लिए स्थापित बिचौलिया सिस्टम समाप्त किया जा रहा है। अब सीधे कंपनी या उत्पादक से सीधे खरीदी संभव हो पाएगी। माना जा रहा है कि विभागों में हो रही खरीदी में भ्रष्टाचार कम करने के दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम साबित होने वाला है। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के इस प्रस्ताव को मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने स्वीकार करते हुए सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय में मुहर लगा दिया । वर्तमान में प्रचलित सीएसआईडीसी के सभी रेट कॉन्ट्रेक्ट इस माह के अंत में निरस्त करने का भी निर्णय लिया गया।

### 47 हजार आवासहीनों को सीएम आवास योजना में मिलेगा मकान

- स्थायी प्रतीक्षा सूची में नहीं थे शामिल
- साय कैबिनेट ने लिया फैसला

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश के जरूरतमंद सर्वेक्षित 47 हजार 90 आवासहीन परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ राज्य सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के तहत 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 तक प्रदेश में कुल 59.79 लाख परिवारों का सर्वेक्षण पूर्ण किया गया, जिसमें 47 हजार 90 परिवार ऐसे पाए गए जो आवासहीन हैं, किन्तु उनका नाम सामाजिक आर्थिक एवं जातिगत जनगणना की स्थायी प्रतीक्षा सूची में नहीं है। ऐसे आवासहीन परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण से आवास स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया।

### आईएफएस के लिए केंद्र से लेंगे सहमति

मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य संवर्ग के भारतीय वन सेवा में वर्ष 1992 से 1994 तक के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदस्थ 6 अधिकारियों को गैर-कार्यात्मक आधार पर यथास्थान प्रधान मुख्य वन संरक्षक स्तर के समतुल्य वेतनमान 1 जनवरी 2024 से प्रदान करने के लिए भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, से सहमति प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। इसी तरह अधीक्षण अभियंता (सिविल) से मुख्य अभियंता (सिविल) के पद पर पदोन्नति के लिए निर्धारित न्यूनतम अवधि 5 वर्ष में केवल एक बार के लिए 1 वर्ष की छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

# कैटरेक्ट बैकलाग फ्री होने के दावे, मगर केंद्र सरकार जारी नहीं कर रही सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मोतियाबिंद की वजह से किसी अंधत्व की शिकायत नहीं होने के दावे विभिन्न जिले लगातार कर रहे हैं, मगर केंद्र सरकार द्वारा अब तक उन्हें सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया है। इन जिलों द्वारा राज्य के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज केंद्रीय स्वास्थ्य संचालनालय को भेजा जा चुका है, मगर उनकी ओर से इस पर कोई रिस्पांस नहीं लिया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को मोतियाबिंद अंधत्व रहित करने चलाए जा रहे अभियान को अपनाया गया था। इस दौरान यह भी सिस्टम बनाया गया था कि नेत्र सहायकों सहित अन्य माध्यम से जिलेवार मोतियाबिंद की वजह से देख नहीं पाने वाले लोगों की पहचान कर उनके आपरेशन कर अंधेरा दूर किया जाए। इस दौरान यह भी सिस्टम बनाया गया था कि जो जिला अपनी सूची में शामिल लोगों की पूरी सर्जरी कर लेगा, उसे बैकलाग घोषित कर प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। राज्य में सबसे पहले कबीरधाम ने यह प्रक्रिया पूरी की, इसके बाद रायपुर सहित दस जिलों मोतियाबिंद की वजह से किसी को अंधत्व की समस्या नहीं होने के दावे कर चुके हैं, मगर अब तक किसी भी जिले को इसके लिए केंद्र की ओर से प्रमाणपत्र नहीं मिल पाया है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार इससे संबंधित दस्तावेज भेजे जा चुके हैं, मगर वहां से कोई टीम इसकी जांच करने नहीं पहुंची है।



### अगले साल तक फ्री करने का लक्ष्य

जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 तक छत्तीसगढ़ को कैटरेक्ट ब्लाइंडनेस फ्री करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत कोरोना के पहले यहां चार लाख ऑपरेशन करने का टार्गेट रखा गया था। स्वास्थ्य विभाग की टीम 75 प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर चुकी है।

### फेको पद्धति से इलाज

राज्य के अधिकतर जिलों में मोतियाबिंद का इलाज फेको तकनीक के माध्यम से किया जा रहा है। इसमें आंख में एक बारीक छेद किया जाता है, जिसके माध्यम से मोतियाबिंद को आंख के अंदर ही घोल दिया जाता है। इससे जोखिम की संभावना काफी कम होती है।

### दो और जिले फ्री

"मोतियाबिंद से संबंधित ऑपरेशन लगातार हो रहे हैं। हाल ही में खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, दंतेवाड़ा जिले कैटरेक्ट ब्लाइंडनेस बैकलॉग फ्री हुए हैं।

\- डॉ. निधि अत्रीवाल, नोडल अधिकारी, अंधत्व निवारण कार्यक्रम

# प्रदेश में कानून व्यवस्था की लचर स्थिति को लेकर कांग्रेस करेगी विधानसभा का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश कांग्रेस की बैठक में विधानसभा घेराव की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में बलौदाबाजार में घटित आगजनी, प्रदेश में अपहरण, लूट-पाट, हत्या व आगजनी की घटना के संबंध में भी चर्चा कर इसके लिए आंदोलन की रणनीति बनाई गई। केंद्र की एनडीए व राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जनहित के मुद्दों को लेकर आंदोलन की रणनीति पर चर्चा, रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारी एवं रणनीति, नगरीय-निकाय चुनाव की तैयारी व रणनीति पर चर्चा, संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति प्रदान करने पर चर्चा कर रणनीति तैयार की गई।

कांग्रेस की दो महत्वपूर्ण बैठकें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में हुई। जिला अध्यक्षों की बैठक में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। यह तय किया गया कि कांग्रेस नगरीय निकाय चुनाव पूरी ताकत के साथ लड़ेगी। साथ ही रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी ने तय किया है कि मजबूत प्रत्याशी पार्टी उतारेगी और चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत झोंकेगी। यहां पर अभी से पार्टी की गतिविधियों को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। जिला और ब्लॉक अध्यक्षों को प्रभारी बनाकर चुनाव के लिए सशक्त दावेदारों को मैदान पर उतारा जाएगा। वहीं कांग्रेस ने यह भी तय किया है कि संगठन में रिक्त पदों को भरने के लिए कार्यवाही शुरू की जाएगी। सक्रिय लोगों को संगठन में लाया जाएगा।



### निष्क्रिय अध्यक्ष हटाए जाएंगे

चुनाव के दौरान जिन क्षेत्रों में जिला अध्यक्षों का परफार्मेंस ठीक नहीं रहा, उन्हें हटाने के संबंध में बैठक में चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने इस पर सहमति जताते हुए कहा कि चुनाव परिणाम पार्टी की अपेक्षा के अनुसार नहीं रहे। जिला अध्यक्षों ने वहां पर अच्छा काम नहीं किया। जिन जगहों से शिकायतें आई हैं, उन्हें भी गंभीरता से लिया गया है। आने वाले समय में ऐसे जिला और ब्लॉक अध्यक्षों को हटा कर नए और सक्रिय लोगों को संगठन में लाया जाएगा।

### ये थे मौजूद

बैठक में उपाध्यक्ष गुरुमुख सिंह होरा, अंबिका मरकाम, पीआर खुंटे, प्रेमचंद जायसी, बीरेश ठाकुर, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, महामंत्री प्रशांत मिश्रा, नरेश ठाकुर, डॉ. थानेश्वर पाटिला, राजेन्द्र साहू, सकलेन कामदार, जितेंद्र साहू, सीमा वर्मा, कन्हैया अग्रवाल, शाहिद खान, दीपक दुबे, सुबोध हरितवाल, कार्यसमिति सदस्य लालजी चंद्रवंशी, गंगा पोटाई, सुरेंद्र प्रताप जायसवाल, भोलाराम साहू और सभी जिला अध्यक्ष उपस्थित थे।

# गर्भाशय निकालने ऑपरेशन, निगरानी के लिए राज्यस्तर पर बनाई गई कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

पैसे के लालच में निजी और सरकारी अस्पतालों द्वारा गर्भाशय निकालने किए जाने वाले ऑपरेशन पर रोक लगाने के लिए राज्यस्तर पर कमेटी गठित की गई है। एक याचिका के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा छत्तीसगढ़ सहित सभी राज्यों को इस बारे में निर्देश जारी किया गया था। आठ माह चली कवायद के बाद अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य की अध्यक्षता में 16 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है।

गठित कमेटी छह महीने में एक बार अपनी बैठक करेगी और जिला स्तर पर प्राप्त होने वाले आंकड़ों की समीक्षा कर अनावश्यक सर्जरी को रोकने का प्रयास करेगी। इसके अलावा मैदानी स्तर के अधिकारियों को इस बारे में जानकारी देने ट्रेनिंग दी जाएगी। कमेटी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और निजी रूप से सरकारी और निजी अस्पतालों में होने वाले इस ऑपरेशन की निगरानी कर अनावश्यक सर्जरी को रोकने का प्रयास करेगी। वर्ष 2013 में डॉ. नरेन्द्र गुप्ता द्वारा लगाई गई याचिका के आधार पर पिछले साल केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को हिस्टेरेक्टॉमी पर जारी निर्देश को तीन माह में लागू करने कहा था। इसमें इस बात का जिक्र था कि बिहार, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में संघीय गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली कई महिलाओं को अनावश्यक रूप से हिस्टेरेक्टोमी कराने के लिए मजबूर किया जाता है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य योजनाओं के तहत अस्पतालों द्वारा अधिक लाभ कमाना होता है। इस ऑपरेशन के बाद मासिक धर्म सहित महिलाओं में कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

### समिति में जिम्मेदार

गठित कमेटी में संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सचिव और सहसचिव एनएचएम के प्रबंध संचालक होंगे। इसके अलावा आयुक्त चिकित्सा शिक्षा, संचालक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, संचालक चिकित्सा शिक्षा, राज्य एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण संस्था के संचालक, उपसंचालक मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम, उपसंचालक परिवार कल्याण कार्यक्रम, उपसंचालक नर्सिंग होम एक्ट, उपसंचालक एनसीडी, उपसंचालक स्टेट नोडल एजेंसी, रजिस्ट्रार मेडिकल काउंसिल, एचओडी स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग मेडिकल कालेज रायपुर सहित 16 सदस्य शामिल होंगे।

### 12 साल पहले गर्भाशय कांड

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2012 में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए निजी और सरकारी अस्पताल में महिलाओं के गर्भाशय निकालने का कांड हुआ था। इस मामले में दस से अधिक डाक्टरों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई थी। उस दौरान आरोप लगाया गया था कि महिलाओं को कैंसर का खतरा दिखाकर बीमा राशि का लाभ उठाने के लिए थोक में ऑपरेशन कर गर्भाशय निकाले गए थे।

# प्रदेश में 5 वर्षों से उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा नहीं, अब नीति में संशोधन करेगा खेल विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में विभिन्न खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का मान अब बढ़ेगा। खेल विभाग ने 5 सालों के बाद अब उत्कृष्ठ खिलाड़ी नीति 2007 को वर्तमान परिवेश के आधार पर बेहतर बनाने का मन बना लिया है। खेल एवं युवा कल्याण की संचालक तनुजा सलाम ने मंगलवार को नियम संशोधन समिति की बैठक बुलाई, जिसमें नीति में बदलाव को लेकर अधिकारियों से चर्चा हुई। 5 सालों से प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा नहीं हो पाई है। लगातार इसकी मांग खिलाड़ियों की ओर से की जा रही थी। बैठक में खेल संचालक ने खिलाड़ियों के हितों को ध्यान रखते हुए बेहतर नीति बनाने की बात कही है। उत्कृष्ट खिलाड़ी नीति 2007 को वर्तमान परिवेश के आधार पर संशोधन किया जाएगा।



खेल एवं युवा कल्याण विभाग की योजना के तहत जल्द होगी उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा।

### राज्य शासन को सौंपेगी रिपोर्ट

विभाग ने बैठक में नीति में संशोधन के साथ ही उत्कृष्ट खिलाड़ियों के की प्रक्रिया पर काम करना शुरू कर दिया है। जल्द विभाग विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा करेगा। जल्द ही संचालनालय स्तरीय नियम संशोधन समिति अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को सौंपेगी। बैठक में संचालक खेल एवं युवा कल्याण के साथ सबा अंजुम अर्जुन अवॉर्डी, अवंती गुप्ता सहायक संचालक, संजय पॉल वरिष्ठ खेल अधिकारी, टीएन रेड्डी वरिष्ठ प्रशिक्षक, गिरीश शुक्ला खेल अधिकारी शामिल रहे।

## स्कूलों की स्थिति पूर्व मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के कारण खराब हुई

# कश्यप ने कहा- हार का ठीकरा फोड़ने व्यक्ति खोज रही कांग्रेस, मानसून सत्र को लेकर कसा तंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, विपक्ष की विधानसभा और लोकसभा में करारी हार हुई है। जनता ने उसका मुख बंद करा दिया है। उसका बड़बोलापन खत्म हो गया है।



भगवान उसको सहन शक्ति दे। विभिन्न विषय पर चिंतन करने का अवसर प्रदान करे। कांग्रेस की बैठक को लेकर उन्होंने कहा, संगठन को कितना मजबूत करेंगे, यह तो वही जानेंगे। हार का ठीकरा किसके ऊपर फोड़ा जाए उसके लिए व्यक्ति खोज रहे हैं। स्कूलों की जर्जर स्थिति को लेकर मंत्री केदार कश्यप ने कहा, पिछले 5 सालों में स्कूलों की स्थिति पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व उपमुख्यमंत्री के कारण खराब हुई है। शिक्षा मंत्री प्रेम साय टेकाम बाबा गुट के थे, इसके कारण स्कूल शिक्षा विभाग को अनदेखी किया गया। विष्णु देव की सरकार शिक्षा विभाग को प्रथम श्रेणी में रखती है, उसकी चिंता करती है। शिक्षा व्यवस्था अच्छी होगी। केंद्रीय वित्त आयोग की टीम के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर उन्होंने कहा, 11 तारीख को मंत्रालय में बैठक होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के वित्तीय विषय को लेकर चर्चा होगी।

### ऐसा ना हो कि मंत्रियों को सदन छोड़कर भागना पड़े : बैज



केदार कश्यप के बयान पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा, केदार कश्यप गलतफहमी में हैं। मानसून सत्र ऐसा ना हो कि मंत्रियों को सदन से भागना पड़े। कांग्रेस के विधायक, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी सदन के अंदर लड़ेगी और कांग्रेस पार्टी सदन के बाहर भी लड़ेगी। सत्र में कांग्रेस का जबरदस्त प्रदर्शन रहेगा। सरकार के पास जनहित के मुद्दों को लेकर हम जाएंगे। उन्होंने कहा, बढ़ी हुई बिजली की दर, कानून व्यवस्था, फर्जी नक्सली घटनाएं, किसानों की आत्महत्या, खाद बीज पर महंगाई, ऐसे बहुत से मुद्दे हैं, जिसे कांग्रेस आक्रामक रूप से विधानसभा में उठाएगी।

## खबर संक्षेप

### टाटानगर एक्सप्रेस 13, 20 और 27 जुलाई को रहेगी रद्द

रायपुर। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के विभिन्न सेक्शनों में मेगा ब्लॉक लेकर अपग्रेडेशन का कार्य किया जाएगा। इसके कारण जोन से चलने व गुजरने वाली यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। 13, 20 व 27 जुलाई को टाटानगर व नेताजी सुभाष चंद्र बोस, इतवारी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस -टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 13, 20 व 27 जुलाई को टाटानगर व बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18113/18114 टाटानगर-बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 तक

रायपुर। कृषकों की फसल को प्रतिकूल मौसम सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि आदि प्रकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2024 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। खरीफ वर्ष 2024 के लिए बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक निर्धारित की गई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित,धान असिंचित एवं अन्य फसल, मक्का, सोयाबीन,अरहर (तुअर), उड़द एवं कोदो फसल का बीमा करा सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत किसानों को फसल को प्रतिकूल मौसम एवं प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किए जाने वाले ऋणी एवं अऋणी किसान, जो भू-धारक व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं।

### छात्रों के विचारों का भी होगा दस्तावेजीकरण

रायपुर। छत्तीसगढ़ को 2047 तक विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य को साकार करने के लिए राज्य नीति आयोग, उच्च शिक्षा विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। राज्य नीति आयोग द्वारा 'अमृत काल : छत्तीसगढ़ विजन @ 2047' दस्तावेज तैयार किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य राज्य के सभी क्षेत्रों का तीव्र विकास सुनिश्चित करना है। इसके लिए सभी युवा, नागरिकों, विद्यार्थियों से सुझाव लेने राज्य के समस्त महाविद्यालय, शासकीय एवं अनुदान प्राप्त तथा निजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

## पेज 11 का शेष

### बिना अनुमति....

(छग) अज्ञात हाईवा/ सीजी 22 डब्लू 2803, 23 घमी. 4439.00, 5750.00, परमजीत साहू पिता नंदकुमार साहू निवासी बेमेतरा तहसील व जिला बेमेतरा (छग) अज्ञात हाईवा/ सीजी 25 एम 8623 20 घमी. 3860.00, 5000.00, अज्ञात हाईवा/ सीजी 25 जी 4448, 20 घमी. 3860.00 5000.00, रामू ठाकुर निवासी मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली (छग) अज्ञात हाईवा/ सीजी 28 क्यू 1713 23 घमी. 4439.00, 5750.00, रिंकू यादव निवासी मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली (छग) अज्ञात हाईवा/ सीजी 28 क्यू 3567, 23 घमी. 4439.00, 5750.00, पवन साहू निवासी सिरयाडीह तहसील व जिला बलौदाबाजार (छग) अज्ञात हाईवा/ सीजी 22 डब्लू 2802. 23 घमी., 4439.00, 5750.00 शामिल हैं।

**बिना अनुमति किया जा रहा था परिवहनः** पुलिस ने बताया कि खनिज अधिकारी की जांच रिपोर्ट के अनुसार अवैध परिवहनकर्ता/आरोपियों द्वारा खनि विधानों एवं शासन के निर्देशों के विरूद्ध महानदी से शासकीय अनुमति के बिना रेत कुल मात्रा 402 घमी. का अवैध परिवहन करते हुए रायल्टी एवं अन्य करों सहित कुल 77586.00 एवं बाजार मूल्य 100500.00 रुपए कुल राशि 178086.00 रुपए की राजस्व क्षति शासन को पहुंचाने बात सामने आई है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 379 भादवि, 21 खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधि. 1957 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।

# बसना क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन एवं भण्डारण पर विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

बसना और सरायपाली की उड़ीसा सीमा क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन एवं भण्डारण का कारोबार बदस्तूर जारी है। विभाग की मौन सहमति से फल फूल रहा रेत का अवैध कारोबार बेरोकटोक जारी है। शहर व आसपास के क्षेत्रों में अवैध रूप से रेत का भंडारण किया जा रहा है। वहीं रोजाना दिन व रात दर्जनों हाईवा से रेत लाया जा रहा है। प्रशासन के नाक के नीचे अवैध कारोबारियों को आखिर किसका संरक्षण प्राप्त है ? समझ से परे है। प्रधानमंत्री सड़क पर धड़ल्ले से दिन रात चल रहे ओवर लोडेड 30 टन, 40 टन की गाडियां रोड को लगातार हानी पहुंचा रहे हैं। ओडिशा से पझरापाली, राजाडीह गढ़फूलझर, जंगलबेड़ा, सिरपुर, तोरेसिंहा, अन्तरला होते हुए रोजाना सरायपाली आ रहा है। वहीं गढ़फुलझर, से बसना व देवरी होकर गंतव्य तक अवैध रेत का परिवहन चल रहा है। चिरोली घाट से रोजाना 15 गाड़ियां (डम्पर, हाईवा) में गढफुलझर (थाना बसना) के रास्ते होते हुए राजाडीह, अंतर्ला, जोगनीपाली होते हुए बसना सरायपाली पहुँच रहा है।

गौरतलब हो कि इस मार्ग से अंधेरे मे भी गाडियां चल रही है। एनजीटी की नियमों को भी देखा रहे ठेंगा। अवैध उत्खनन से लाखो के राजस्व, रायल्टी का घाटा हो रहा है। विगत दिनो जून में प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल ने रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर कार्यवाही के निर्देश दिए थे, जिसके बाद प्रशासन चौकन्ना होकर 40 हाईवा जब्त कर खनिज विभाग को सौंपा था,सूत्रों से पता चला है, उन गाड़ियों के मालिक अभी तक सामने नही आ रहे।



### क्या कहता है अधिनियम

इन प्रकरणों मे प्रभावी रोकथाम के लिए खान और खनिज अधिनियम1957 के तहत धारा4 (1) एवं 4(1-क) के अनुसार इस अधिनियम और उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबंधों के अनुसार कोई व्यक्ति खनिज का उत्खनन, परिवहन, भंडारण नही करेगा व कराएगा। इस अधिनियम का उल्लंघन करने पर पाँच वर्ष तक का कारावास एवं प्रति हेक्टेयर के हिसाब से पाँच लाख रुपए तक का जुर्माना किये जाने का प्रावधान है। इसके अलावा धारा21 (12) के तहत अधिनियम के उल्लंघन करते पाये जाने पर दो वर्ष तक कारावास, पाँच लाख रुपए तक या दोनों से दंडित करने का प्रावधान है। उलंघन लगातार जारी रहने की दशा मे प्रतिदिन के हिसाब से पचास हजार रुपये तक दण्ड का प्रावधान है।

### ओव्हर लोड से रोड हो रहे खराब, राजस्व रायल्टी का हो रहा घाटा

बगैर नंबर प्लेट की भी गाड़ियां दौड रही है। माइनिंग एवं आर टी ओ विभाग सुस्त है। जैसे साँकरा, चिरोली, सोनपुर आदि जगहों से ट्रैक्टर और हाईवा से रेत की सप्लाई की जा रही है। सूत्रों से पता चला है कि कुछ जगह जंगल के अंदर भी डम्प करके रखा जा रहा है। बसना, पिथौरा, सरायपाली क्षेत्र में अब तक किसी भी अधिकारी ने रेत के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की है। ओवरो लोडेड गाड़ियों से रोड लगाकर कट और उखड़ रहा है। कई जगह डबल केजरीवाल ट्रेक्टर की रोड मे आवाजाही से रोड कटकर क्षतिग्रस्त हो रहा है। गाँव के सरपंच, जनप्रतिनिधि और स्थानीय अधिकारी कर्मचारी शासन को चूना लगते देख चुप्पी साधे हैं। फील्ड में हो रहे विभागीय अवैध कारोबार में लगाम लगाने की बजाय माइनिंग विभाग न जाने क्यों सुस्त है?

प्रधानमंत्री सड़क पर धड़ल्ले से दिन हो या रात रेत लोडेड 30 टन, 40 टन की गाडियां चल रही है। प्रशासनिक कार्यवाही की दरकार है ? पर प्रशासन एवं विभाग कब जागेगी और क्षेत्र में बेधड़क चल रहे अवैध रेत के कारोबार पर अंकुश लगेगा या फिर माइनिंग विभाग द्वारा सरकार का हो रहा, बेतरतीब घाटे की फेहरिस्त में और अध्याय जुड़ेगा।

## आयोजन : खल्लारी विधानसभा में हुआ मतदाता अभिनंदन समारोह

# भाजपा को जीत दिलाकर विकास चुना देवतुल्य जनता ने: चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के मतदाता अभिनंदन समारोह स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा के सांसद रूप कुमारी चौधरी थी। सांसद के मंडी प्रांगण पहुंचने पर गाजे-बाजे एवं पुष्प गुच्छ के साथ कार्यक्रम प्रभारी अलका चंद्राकर ने स्वागत किया।

उपस्थित मतदाता व कार्यकर्ताओं पर पुष्पवर्षा अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप कुमारी चौधरी सांसद, चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद, शंकर अग्रवाल लोकसभा संयोजक, संजय शर्मा जिला अध्यक्ष, उषा पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष, थान सिंह दीवान, शंकर तांडी एवं कार्यक्रम प्रभारी अलका चंद्राकर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि आपकी सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगी। आप लोगों ने मुझे एवं भाजपा को आशीर्वाद दिया है, तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया है। आप समस्त मतदाताओं कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम में आज हम आप सभी का स्वागत वंदन अभिनंदन करने जा रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अन्य अतिथियों ने कहा कि खल्लारी के देवतुल्य जनता को प्रणाम करते हुए कहा कि आज आप सभी ने भाजपा को जीत दर्ज करा विकास को चुना है। नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने में आप सभी की अहम भूमिका है। अब मोदी की गारंटी और विष्णु की सुशासन से देश प्रदेश और खलारी का तीव्र गति से विकास होगा। आने वाले कुछ समय पश्चात अब हम सभी कार्यकर्ताओं को अभी से नगरीय निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव में अपनी सक्रिय भागीदारी दिखाना है। ताकि, सभी स्थानीय संस्थाओं में भाजपा के समर्थित जनप्रतिनिधि चुन कर आए और विकास का मार्ग प्रशस्त करें। नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत 51 पौधे लगाए गए। इससे पहले कार्यक्रम प्रभारी अलका ने स्वागत भाषण में कहा कि विधानसभा चुनाव में हुई गलती का पश्चाताप खल्लारी के मतदाताओं ने किया। इतिहास में पहली बार लोकसभा चुनाव में खलारी में जीत हासिल हुई। कार्यक्रम का संचालन जसराज चंद्राकर जिलाध्यक्ष भाजयुमो एवं आभार प्रदर्शन संजय मालवीय ने किया। कार्यक्रम में प्रेम साहू, सागर चंद्राकर, प्रीतम साहू, धर्म दीवान, पालेश्वर पटेल मंडल अध्यक्ष, आबिद कुरैशी, दुबे लाल साहू, हितेश चंद्राकर, हेमंत तिवारी, नरेंद्र बग्गा, भेख लाल, अजीत टांडी, सत्तू टांडी, हरमीत बग्गा, नंदू सोनी, कल नायक, नवीन पटेल, मूलचंद साहू, चंद्रशेखर ध्रुव, दिनेश चंद्राकर, रूपेश साहू, मायाराम साहू, कल्पना सिंह, जानवी साहू, डाली ध्रुव, दुलारी चंद्राकर, अमरीका ध्रुव, दीनबंधु सेन, तुलाराम पानौरिया, लोकेश पैनोरिया, हीरा साहू समेत बड़ी संख्या में मतदाता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## कन्या गुरुकुल बीकेबाहरा में एक पेड़ मां के नाम के तहत हुआ पौधारोपण कार्यक्रम

### ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बागबाहरा विकासखंड के बीकेबाहरा में निर्माणाधीन छत्तीसगढ़ के एक मात्र कन्या गुरुकुल में पौधारोपण किया गया। परिसर में आम, जामुन, कटहल फलदार पौधे सहित कदम का रोपण किया गया। पौधरोपण पश्चात ग्रीन केयर अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि कन्या गुरुकुल के भूमिपूजन के समय इस परिसर में निर्माण पूर्ण होने से पहले व्यापक स्तर पर पेड़ पौधे लगाकर परिसर को हरा भरा करने का हमने संकल्प व्यक्त किया था, जिससे कन्या गुरुकुल में अध्ययनरत छात्राओं को प्राकृतिक वातावरण में विद्या अध्ययन का अवसर मिले। तदानुसार पौधरोपण जारी है। कन्या गुरुकुल के लिए भूमि दानदाता विक्रम साहू एवम हेमलता साहू द्वारा परिसर को हरियाली से पूर्ण करने सतत पौधरोपण जारी है। गौरतलब है कि राकेश दुबे अध्यक्ष भारत स्वाभिमान, पतंजलि के पदाधिकारी श्रीराम शर्मा, हेमलता साहू महिला पतंजलि योग समिति कार्यकारिणी सदस्य, नरेश झरिया आर्य समाज चारों जन्मदिन पर भी पहुंचकर पौधरोपण किया। डॉ पाणिग्रही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम लगाने का आव्हान किया था। साथ ही वन महोत्सव वर्ष 2024 की थीम भी एक पेड़ मां के नाम है। संस्था ग्रीन केयर सोसायटी भी इस पर कार्यक्रम केंद्रित कर प्रदेश के विभिन्न स्थानों में पौधारोपण कर रही है। कन्या गुरुकुल में आम,जामुन, कटहल, अमरूद, आंवला, नीम, कदम सहित अन्य फलदार एवम छायादार पौधों का बड़ी संख्या में रोपण हो चुका है। पौधरोपण सतत जारी रहेगा।

# नागरिकों की धार्मिक भावना का सम्मान ही निर्माल्य रथ संचालन का मुख्य उद्देश्य : नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका द्वारा निर्माल्य रथ संचालन का मुख्य उद्देश्य नगर वासियो के धार्मिक भावना का सम्मान करना है। इस उद्देश्य के पूर्ण रूपेण क्रियान्वयन के लिए शहरवासियो के सहयोग की जरूरत है। आशा है हमें सहयोग मिलेगा। उक्त उद्गार बुधवार को पालिका कार्यालय परिसर में निर्माल्य रथ के लोकार्पण के अवसर पर उपस्थित नागरिकों से पालिकाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने कही।

श्रीमति महिलांग ने कहा कि जनमानस ने अनेक बार कई अवसरों पर मुझे यह वाहन संचालित करने की मांग की थी। उन्ही जनभावनाओं के सम्मान की भावना से पालिका परिवार द्वारा यह रथ संचालित किया गया है, जो विभिन्न पालियों में पूरे शहर में भ्रमण करेगा। महासमुंद पालिका अपने नगर क्षेत्र के नागरिकों की प्रत्येक भावना का सम्मान करना अपना उत्तरदायित्व समझती है। नागरिक हितो में अनवरत कार्य करने का प्रयास महासमुंद पालिका कार्यरत है। वाहन का लोकार्पण पर पंडित हेमन्त शर्मा द्वारा विधिवत मंत्रोपचार व पूजा-अर्चना के साथ किया गया। पश्चात पालिकाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने रथ को अपने गंतव्य की ओर रवाना किया।

लोकार्पण कार्यक्रम में पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग, सभापति बबलू हरपाल, सरला गोलू मदनकार, निखिल कांत साहू, पार्षदद्वय मीना वर्मा, रिंकू चंद्राकर, डमरू मांझी, हफीज कुरैशी, महेंद्र सिक्का, संदीप घोष, महेंद्र जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश पैकरा, नागरिक आशीष शुक्ला, राजेश पाल विरदी, गोपाल वर्मा शहबाज राजवानी, दशोदा ध्रुव आरती महंती, रीना सोनी, ईशा टंडन, माया पांडे, पालिका से दिलीप चंद्राकर, सीताराम चेलक समेत बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक मौजूद रहें।



# दृष्टिबाधित बच्चों को शिक्षा में सहयोग के लिए शिक्षकों एवं सहपाठियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

साइटसेवर्स इंडिया के समावेशी कार्यक्रम के अन्तर्गत एक दिवसीय दिव्यांग मित्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रतिभागियों में विभिन्न शासकीय विद्यालओं से आए शिक्षक, दृष्टिबाधित बच्चे एवं उनके सहपाठी रहे तथा मुख्य मास्टर ट्रेनर करन सिंह शिशोदिया एवं महावीर सेन रहे।

साइटसेवर्स इंडिया द्वारा कार्यक्रम को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थी मित्र के माध्यम से दृष्टिबाधित एवं अल्पदृष्टिबाधित बच्चों को विद्यालय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, जिससे उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं एवं चुनौतियों को समझा जा सके। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रतिभागियों को समावेशी शिक्षा की अवधारणा, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अनुसार पूर्ण दृष्टिबाधित एवं अल्पदृष्टिबाधित की परिभाषा, कक्षा-कक्ष अनुकूलन, प्लस करिकुलम, ज्ञानेन्द्रिय प्रशिक्षण, दृष्टिबाधित बच्चों द्वारा उपयोग में लिए जाने वाले उपकरणों यथा-ब्रेल स्लेट, डेजी प्लेयर, अबेकस, छड़ी का उपयोग, अनुस्थिति एवं चलिष्णुता इत्यादि पर उन्मुखीकरण प्रदान किया गया। गौरतलब है कि साइटसेवर्स इंडिया तीन विषयों नेत्र स्वास्थ्य, दिव्यांगजन अधिकार रोजगार, आजीविका और समावेशी शिक्षा पर पूरे राज्य में कार्य कर रहा है। जिला महासमुन्द एवं बलौदा बाजार में दृष्टिबाधित एवं अल्पदृष्टिबाधित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से कार्य कर रहा है। 53 दृष्टिबाधित एवं 273 अल्पदृष्टिबाधित बच्चे समावेशी कार्यक्रम में शामिल है, जिनका उद्देश्य दिव्यांगता उन्मूलन करना है तथा दिव्यांगता अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत दिव्यांगजन को आजीवका से जोड़ना है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए राज्य प्रमुख उर्मीमाला सेनगुप्ता, प्रोजेक्ट ऑफिसर प्रांजल प्रकाश त्रिपाठी एवं जिला परियोजना समन्वयक मुकेश निषाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# व्यापारी एकता पैनल के बैठक में जुटे प्रदेशभर से व्यापारी प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- जीएसटी को लेकर करेगा बड़ा आंदोलन का ऐलान

व्यापारी एकता पैनल की प्रादेशिक बैठक राजधानी के एक निजी हॉटल में आयोजित हुई। जिसमें प्रदेश भर से व्यापारी प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस मौके पर चैंबर के संविधान में फेरबदल को लेकर नाराजगी जताई गई। व्यापारियों को जीएसटी के नाम से परेशान करने और इसकी कार्यप्रणाली में व्याप्त खामियों को चर्चा हुई। जिसमें जीएसटी को लेकर आने वाले दिनों में एक बड़ा आंदोलन करने का ऐलान किया गया। व्यापारी एकता पेनल की ओर से 15 दिन का अल्टीमेटम दिया जाएगा, इसके बाद भी स्थिति नहीं सुधरी तो जीएसटी कार्यालय के सामने बड़ा प्रदर्शन किया जायेगा।

व्यापारी एकता पैनल की बड़ी बैठक राजधानी में हुई। मंच संचालन योगेश अग्रवाल ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए व्यापारी एकता पैनल के अध्यक्ष ने सभी का किया। और बैठक चैंबर चुनाव की भूमिका पर प्रकाश डाला।

श्रीचंद सुंदरानी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में आरोप लागया कि पिछले तीन साल में चैंबर को पंगु बना दिया गया, व्यापारियों की आवाज दबाने की कोशिश की गई है। यूजर चार्ज के मामले में चैंबर अध्यक्ष कैंप लगाकर यूजर चार्ज जमा करवाते रहे। जीएसटी से लोगों की परेशानी बढ़ी पर चैंबर ने इस ओर कोई खास ध्यान नहीं दिया।

बैठक में राजनांदगांव से आये चैंबर के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने व्यापारियों को संगठित होकर व्यापारी एकता पैनल को मजबूत बनाने अपील की । व्यापारी एकता पैनल से सराफा एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमल सोनी, महासचिव प्रकाश गोलछा, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन का सम्मान किया गया। बैठक में अपनी बात रखते हुए राजेश वासवानी ने कहा 3 साल के कार्यकाल में चैंबर ने व्यापारी हित की अनदेखी की। बेमेतरा काण्ड में व्यापारी छः माह जेल में रहे इससे ज्यादा बुरा व्यापारियों के साथ नहीं हो सकता ।




### ये रहे शामिल

बैठक में छगन मूंदड़ा, धमतरी के व्यापारी नेता नरेन्द्र रोहड़ा अनिल अग्रवाल, बिलासपुर से डीडी आहूजा, रूपचंद डोडवानी दुर्ग से विनीत जैन, राजनंदगांव से हसमुख भाई रायचा, ज्ञानचंद बाफना,अनिल नचरानी मुरली केवलानी सुशील अग्रवाल खूबचंद पारख संजय रूंगटा हरख मालू कमल सोनी प्रकाश गोलछा हर्षवर्धन जैन आनंद चोपकर कन्हैया अग्रवाल, चेतन तारवानी राजू भाई तारवानी महेंद्र आहूजा जितेंद्र बड़वानी सुदेश मध्यान शालिग्राम नागोलिया दीपक कृपलानी दिनेश अठवानी वासु जोतवानी प्रहलाद शादीजा अमर गुरनानी दौलत परयानी जीतेन्द्र बड़वानी सुदेश मंधान रमेश मंधान, लख्मशी पटेल लालचंद गुलवानी संतोष जैन परसराम सचदेव सुदामा बत्रा तेज कुमार बजाज राजेश छुगानी हार्दिक पटेल आरिफ बेग मंजुल मयंक श्रीवास्तव रोशन हबलानी महेश वाधवानी अशोक मलानी राजेश गुरनानी, राजकुमार राठी शामिल हुए।

# चलती स्कॉर्पियों में लगी आग, बाल बाल बचा चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के पुरानी बस्ती इलाके में आधी रात को अचानक एक चलती स्कॉर्पियो में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि उसका चालक गाड़ी से बाहर निकलकर सिर्फ अपनी जान बचा पाया। आग बुझाने के लिए उसे मदद मांगने तक का मौका नहीं मिला। आग की भीषण लपटें इतनी तेजी से फैलीं कि कुछ मिनटों में ही कार जलकर खाक हो गई। पुरानी बस्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 9 जुलाई की रात करीब 3 बजे की है। आदर्शनगर कुशालपुर निवासी प्रशांत ठाकुर अपनी पेट्रोल स्कॉर्पियो वाहन से अपने घर लौट रहा था। वाहन जैसे ही आदर्शनगर के पास पहुंची, तभी उसमें आग लग गई। आग की लपटें देखकर प्रशांत ने तुरंत गाड़ी रोक दी और बाहर निकल गया। बाहर निकलने के बाद आग बुझाने के लिए वह किसी से मदद मांग पाता, उससे पहले ही आग की लपटों ने वाहन को चारों तरफ घेर लिया और देखते ही देखते वाहन जलकर खाक हो गया। हालांकि आग लगने के दौरान उस मार्ग से पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी भी गुजर रही थी। प्रशांत ने पेट्रोलिंग पार्टी की मदद से ही फायर ब्रिगेड टीम को आग लगने की सूचना दी। इसके बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक वाहन लगभग पूरी तरह से जल चुका था।

## खबर संक्षेप

### बोइरगांव में बनेगा 12 ज्योतिर्लिंग मंदिर

**महासमुंद।** ग्राम बोईरगांव में अंगारमोती मंदिर परिसर के जमीन में 12 ज्योतिर्लिंग का स्वरूप, राधा कृष्ण व राम लला के भव्य मंदिर का निर्माण के लिए पिछले दिनों विधिवत पूजा अर्चना के साथ भूमिपूजन किया गया था। इस मौके पर पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव सहित क्षेत्रीय व स्थानीय लोग उपस्थित रहे। उक्त मंदिर की लागत राशि करीब 1.25 करोड़ रुपए है। इस भव्य मंदिर का निर्माण करीब 25000 वर्गफीट में होगा। बोईरगांव में उक्त मंदिर के प्रमुख निर्माणकर्ता सोनसाय पटेल हैं। जिनके द्वारा इस मंदिर के धाम सेवा समिति का गठन भी किया गया है। जिसमें स्थानीय व क्षेत्रीय लोगों की यह एक टीम है। बोईरगांव में यह मंदिर लोगों के सहयोग और दान की राशि से बनाया जाएगा।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 को

**महासमुंद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 13 जुलाई शनिवार को संपूर्ण देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिसके लिए जिला न्यायालय महासमुंद के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद द्वारा नेशनल लोक अदालत के लिए खंडपीठों का गठन कर विभिन्न प्रकरणों तथा प्री.लिटिगेशन का निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरणों धारा. 138, परक्राम्य लिखत अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों तथा पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाता हैं।

## बैठक : युवा, प्रौढ़, पुरुष एवं महिलाओं को शत-प्रतिशत बुनियादी साक्षरता जरूरी

# उल्लास नवभारत कार्यक्रम का उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को साक्षर करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण प्रभात मलिक के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण एस आलोक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। सीईओ आलोक ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत 2030 तक सभी युवा, प्रौढ़, पुरुष एवं महिलाओं को शत-प्रतिशत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रदान कराना है। सीईओ आलोक ने कहा कि 2022-23 से 2024-25 तक जिले के असाक्षरों को स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से साक्षर बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी असाक्षरों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों का शीघ्र ही चिन्हांकन कर उसे उल्लास पोर्टल में दर्ज करना है। इसके लिए सीईओ आलोक ने जिला एवं विकासखंड के सभी अधिकारियों को समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर तक एवं नगरीय निकायों में वार्ड प्रभारी की भी चयन कर करें, जिनके माध्यम से यह अभियान सुचारू रूप से समय सीमा में चलाया जाना है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव मोहन राव सावंत, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास समीर पांडेय, उपसंचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, मीना पाणिग्रही प्राचार्य डाइट महासमुंद, रेखराज शर्मा, जिला परियोजना अधिकारी महासमुंद ने बैठक को संबोधित किया। कमल नारायण चंद्राकर डीएमसी समग्र शिक्षा, ब्रिजेश प्रभारी युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र, महासमुंद विकासखंड के बीईओ, लीलाधर सिन्हा एबीईओ, गजेंद्र ध्रुव बीआरसीसी, ईश्वर चंद्राकर नोडल अधिकारी तथा बागबाहरा, पिथौरा, बसना, सरायपाली विकासखंड बीईओ, बीआरसीसी एवं नोडल अधिकारी अपने जनपद पंचायत के वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े।




उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला कार्यकारिणी समिति की हुई बैठक

## केंद्रीय विद्यालय में संभाग स्तरीय खेलकूद स्पर्धा का भव्य आगाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्रीय विद्यालय में 53वीं संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ रवि कुमार साहू एडिशनल कलेक्टर सह नामिनी अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति के मुख्य आतिथ्य एवं संजय कंसल प्राचार्य की अध्यक्षता में विद्या की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। केंद्रीय विद्यालय संभाग रायपुर के 20 केंद्रीय विद्यालयों के लगभग 189 विद्यार्थी हैंडबॉल एवं बैडमिंटन स्पर्धा में हिस्सा ले रहे हैं। स्वागत भाषण संजय कंसल प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा खेल भावना से खेलने की अपील करते हुए खेल के महत्व पर प्रकाश डालते विद्यार्थियों का स्पर्धा के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवि ने बच्चों को नई ऊर्जा एवं नए संकल्प के साथ खेलते हुए लक्ष्य प्राप्त करने आशीष प्रदान किए। उन्होंने केवि संगठन द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता की प्रशंसा करते हुए इस आयोजन पर की सराहना की। सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की शपथ मास्टर योग्य चंद्राकर एसजीएफआई खिलाड़ी ने दिलवाया। अतिथियों ने खेल मशाल जलाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में नुमेश जीपीईटी एक्सपर्ट, सोहन लाल साहू खेल शिक्षक, भारती वर्मा कोच, एसके सिंह, कांता एक्का, लोकेश, प्रताप सोनी, आर्यन, वंदिनी, जौहरी, सीता राम पटेल सहित समस्त कोच, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं समस्त स्टॉफ का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार चंद्राकर एवं आभार व्यक्त रोहिता ने किया।

## वर्ल्ड ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन कमीशन की राष्ट्रीय सदस्य बनीं अनिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

पेशे से शिक्षक व समाजसेवी अनिता चौधरी को सामाजिक क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए वर्ल्ड ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन कमीशन के राष्ट्रीय सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। यह प्रतिष्ठित नियुक्ति मानवाधिकार और सामाजिक न्याय के प्रति अनिता चौधरी की अटूट प्रतिबद्धता को मान्यता देती है। विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग एक सम्मानित अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जो वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की सुरक्षा और संवर्धन के लिए काम करती है। राष्ट्रीय सदस्य के रूप में इनका चुना जाना इनके प्रभावशाली कार्य को प्रमाणित करता है, जो कमजोर और हाशिए पर पड़े लोगों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए समर्पित है। सदस्यता के प्रति प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अनिता ने कहा कि वर्ल्ड ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन कमीशन का राष्ट्रीय सदस्य चुना जाना मेरे लिए गहरा सम्मान है। यह भूमिका न्याय और समानता की वकालत करने के लिए एक व्यापक मंच प्रदान करती है, और मैं परिवर्तन लाने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। यह नियुक्ति हमारे इस क्षेत्र के लिए एक गर्व का क्षण है, जो वैश्विक मानवाधिकार वकालत में स्थानीय प्रयासों के महत्व को उजागर करती है। अनिता की नई भूमिका निश्चित रूप से उनके प्रभाव को बढ़ाएगी, वर्ल्ड ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन कमीशन के मिशन को और आगे बढ़ाएगी।



## मोहगांव स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव, छात्रों को बांटी गई पुस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पिथौरा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/हाई स्कूल मोहगांव में 9 जुलाई मंगलवार को शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रमा भोई सरपंच ग्राम पंचायत मोहगांव, विशिष्ट अतिथि आशीष प्रधान अध्यक्ष रामचंडी व्यापारी प्रकोष्ठ सांकरा, अविनाश चंद्र साहू अध्यक्ष व्यापारी प्रकोष्ठ कोलता समाज रायपुर संभाग, विजय बारीक अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति मोहगांव, रोहित प्रधान, बलदेव बारीक, रमेश प्रधान थे। अध्यक्षता जगदीश कुमार प्राचार्य हाईस्कूल मोहगांव ने की।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। और शाला परिवार द्वारा अतिथियों का तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी के रूप में अतिथियों द्वारा कक्षा पहली, छठवीं और नवमीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर मिठाई व चॉकलेट खिलाकर और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही निःशुल्क पाठ्यपुस्तक और गणवेश का वितरण किया गया। विशिष्ट अतिथि आशीष प्रधान, प्रधान वस्त्रम सांकरा के संचालक द्वारा प्राथमिक शाला मोहगांव के निर्धन वर्ग के 21 बच्चों को स्कूल बैग निःशुल्क प्रदान किया गया।

विशिष्ट अतिथि अविनाश चंद्र साहू द्वारा पूर्व माध्यमिक शाला मोहगांव के निर्धन वर्ग के छात्रों को स्कूल बैग प्रदान करने की घोषणा की गई। इस अवसर पर आशीष प्रधान ने कहा कि मोहगांव विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था बहुत अच्छी है, इसीलिए यहां पर दूर-दूर से बच्चे पढ़ने आ रहे हैं, और बहुत अधिक संख्या में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चे चयनित हो रहे हैं। यहां का बाल उद्यान और शाला परिसर बहुत अच्छा है। इसके लिए विद्यालय के प्रधान पाठक भोजराज प्रधान, समस्त शिक्षक और शाला प्रबंधन समिति के सदस्य धन्यवाद के पात्र है। अविनाश चंद्र साहू ने कहा कि यह विद्यालय किसी भी निजी विद्यालय से श्रेष्ठ है। अध्यक्ष विजय बारीक ने बच्चों को अच्छी पढ़ाई कर प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए प्रेरित किया और समिति के सदस्यों द्वारा विद्यालय को हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। विद्यालय के प्रधान पाठक भोजराज प्रधान ने जानकारी दी कि इस वर्ष प्राथमिक शाला मोहगांव से नवोदय विद्यालय में 18, सैनिक स्कूल में 1 एकलव्य विद्यालय के लिए 3 सहित कुल 22 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। वर्तमान में शाप्राशा मोहगांव में आसपास के लगभग 60 गांव के बच्चे अध्ययन कर रहे हैं। प्राचार्य जगदीश कुमार ने आभार जताया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अहीर कुमार बरिहा, बीएस भोई, हेमंत कुमार कर, सालिकराम बंजारे, रविलाल प्रधान, कविता बढ़ाई, भोजराज प्रधान, लाल कुमार कुर्रे, अंजय कश्यप संकुल समन्वयक मोहगांव, रत्नाकर प्रधान, प्रह्लाद प्रधान, मोहन साव, लक्ष्मण भोई सहित पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गौरीशंकर पंडा सहायक शिक्षक ने किया।



# 18 वर्षीय नवविवाहित महिलाओं को भी मिले महतारी वंदन योजना का लाभ : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व

- लाभ से वंचित हो रही गरीब महिलाएं का पुन: फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू की जाए

नगर पालिका सभापति निखिलकांत साहू ने सरकार द्वारा महिलाओं के लिए बनाए गए महतारी वंदन योजना के नियमों में परिवर्तन करने तथा वंचित महिलाओं को योजना का लाभ देने पुनः फार्म भरवाने की कार्रवाई शुरू करने की मांग की है।

प्रदेश महासचिव साहू ने कहा कि चुनाव के पूर्व भाजपा के कई नेता व मंत्रियों ने चुनावी सभा में यह वादा किया था कि महतारी वंदन योजना का लाभ गरीब वर्ग की हर महिलाओं से लेकर मुख्यमंत्री, कलेक्टर व एसपी की पत्नी को भी मिलेगा। जिसका क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। वर्तमान में प्रदेश के 50 प्रतिशत महिलाओं को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इस योजना का लाभ लेने की आयु सीमा 21 से 60 वर्ष तक निर्धारित किया गया है, जो अव्यवहारिक है।

अधिकतर ग्रामीण क्षेत्र में 18 वर्ष के बाद बेटियों की शादी कर दी जाती है। प्रदेश में 20 प्रतिशत विवाहित महिलाएं 21 वर्ष से कम तथा लगभग 20 प्रतिशत महिलाएं 60 वर्ष से अधिक हैं, जो भाजपा सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के तहत अपात्र हैं तथा गरीब व जरूरतमंद होते हुए भी उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा। आयु सीमा को 18 से 75 वर्ष तक किया जाना चाहिए। जिससे गरीब व जरूरतमंद महिलाओं को योजना का लाभ मिल सके।





**प्रभु जगन्नाथ की पूजा**

**महासमुंद।** भाजपा पिछड़ा वर्ग जिला उपाध्यक्ष भाऊ राम साहू ने रविवार को भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की।



### तुमगांव में निकाली गई रथयात्रा

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में रथयात्रा पर भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर गिरिजा दास, गोपा मोती साहू, नम्रता साहू, वंदना गोयल, ललिता चंद्राकर, प्रियंका दास गौरी दास उपस्थित रहे।

## दैवेभो कर्मचारियों ने की नियमितीकरण व स्थायीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी जल संसाधन विभाग कर्मचारी संघ (श्रमायुक्त डाटा एंट्री ऑपरेटर, वाहन चालक एवं श्रमिक) ने नियमितीकरण एव स्थायीकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि जल संसाधन संभाग एवं उपसंभाग महासमुंद में डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं वाहन चालकों के पदों पर कई वर्षों से सुचारू रूप से कार्य का संपादन किया जा रहा है। संघ ने विभाग के कार्यरत कर्मचारियों को नियमित स्थापना एवं कार्यभारित के अन्य पदों पर शैक्षणिक अर्हता के आधार पर नियमितीकरण / स्थायीकरण करने की मांग की है। इस दौरान आशीष चंद्राकर, ललित यादव, भीखम कुमार चंद्राकर, वेदप्रकाश सिन्हा, परमानंद साहू, तोषेंद्र चंद्राकर, लक्ष्मी नारायण चक्रधारी, गजेंद्र बंजारा, देवानंद पटेल, केशव प्रसाद साहू (श्रमायुक्त) डाटा एंट्री ऑपरेटर जल संसाधन विभाग संघ महासमुंद के लोग उपस्थित रहे। उक्त जानकारी आशीष कुमार चंद्राकर (श्रमायुक्त) डाटा एंट्री ऑपरेटर महासमुंद ने दी है।



## पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए स्कूल के छात्र-छात्राएं, संचालन समिति सदस्य

# सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के प्रांगण में 200 पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर लगभग 200 नग पौधों का विद्यालय प्रांगण में रोपा गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती ब्रह्म स्वरूप ओम एवं जगत जननी भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद अग्रवाल, उपाध्यक्ष बिहारी लाल अग्रवाल, व्यवस्थापक सरिता साहू, कोषाध्यक्ष घासीराम अग्रवाल, सहसचिव सत्यनारायण अग्रवाल, संरक्षक सदस्य छतर सिंह नायक, सदस्य मंजू धनानिया आदि समस्त पदाधिकारियों के कुशल निर्देशन पर विद्यालय प्रांगण पर समस्त भैया-बहनों, विद्यालय संचालन समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए।

इस अवसर पर संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल तथा उनकी टीम, साथ ही मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा के अध्यक्ष कंचन अग्रवाल, सचिव प्रिया अग्रवाल, सदस्य स्वाति अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, सरिता अग्रवाल आदि पदाधिकारियों द्वारा भी अत्यंत हर्षोल्लास के साथ पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों सहित प्राचार्य कामता प्रसाद साहू एवं प्रधानाचार्य रमेश प्रधान के नेतृत्व पर सेल्फी जोन भी रखा गया था। जिसमें भैया-बहन एवं सभी आगंतुक सदस्य/ पदाधिकारी आदि सेल्फी जोन जाकर अत्यंत उत्साह के साथ फोटो लिया गया। पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखकर एक पेड़ मां के नाम के साथ ही वृक्ष है तो जल है, प्रकृति है तो जीवन है, वन रहेंगे- हम रहेंगे, एक पेड़ एक जिंदगी, पेड़ लगाओ प्रकृति को बचाओ आदि पोस्टरों से पूरा वातावरण अत्यंत रोमांचक हो गया।





### सिक्ख समाजजनों ने की सांसद से मुलाकात

**बसना।** सिक्ख समाज के प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में समाज के जसवंत सिंह सलूजा जस्सी के नेतृत्व में लोकसभा की नवनिर्वाचित सांसद रुपकुमारी चौधरी से सौजन्य भेंट की। मुलाकात के दौरान उन्होंने सांसद से रायपुर-महासमुंद से सरायपाली-बरगढ़ को रेल लाइन में जोड़े जाने की बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर जल्द ही कार्य प्रारंभ करने के लिए भी पत्र भी सौंपा। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने उनकी मांगों को लेकर आश्वस्त किया। इस अवसर पर जसवंत सिंह सलूजा, गुरबक्श सिंग तलूजा, मुखविंदर सिंग रंधावा, इकबाल सिंह छाबड़ा, बंटी होरा, तेजपाल सिंह टुटेजा, मंजीत सिंह छाबड़ा, महेंद्र सिंह अरोरा, चरणजीत सिंग छाबड़ा, मनमीत सिंग सलूजा, नवजोत सिंह सलूजा, गुरदीप सिंह होरा, रजिंदर सिंह कालड़ा, तेजपाल सिंह सलूजा, नरेंद्र सिंह राज, होरा, गुरजीत सिह आदि मौजूद रहे।